# JUSTIFICATION

कार्य का नाम :– जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी विकासखण्ड जौनपुर के अन्तर्गत जयद्वार–तियाडा–फलपटटी मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य।

उक्त मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल में जौनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत मसोन काण्डी द्वारगढ मोटर मार्ग के ग्राम जयद्वार से प्रारम्भ होकर तियाडा फलपटटी होते हुये पर्यटक स्थल भद्रराज मन्दिर तियाडा तक को जोडता है, इस मोटर मार्ग के अन्तर्गत ग्राम जयद्वार तल्ला,जयद्वार मल्ला, काण्डीमल्ली, ठाल, द्वारगढ,कोटी व मसोन आते है जिनकी कुल जनसंख्या 1894 है तथा इन गांवों में उगने वाली नगदी फसलें, आलू, मटर, बीन, राजमा, अरबी, दाल मक्का, मूली, गोभी, टमाटर माल्टा, नीबूं आदि फसलों को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।

इस मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम जयद्वार तल्ला,जयद्वार मल्ला, काण्डीमल्ली, ठाल, द्वारगढ,कोटी व मसोन के समस्त गांव लाभान्वित होगें, इन गावों में रोजगार के साधन बढेगें, तथा यातायात की सुविधा मिलेगी।

उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से आम नागरिकों को भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की तुरन्त सुविधा मिलेगी, तथा यहां के विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा हेतु आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। इस मार्ग के बनने से पर्यटन को भी बढावा मिलेगा तथा व्यापार भी बढेगा। सडक निर्माण के साथ–साथ स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें।

मोटर मार्ग निर्माण से स्थानीय जनता का आवागमन बढेगा, जिससे स्थानीय संस्कृति को भी बढावा मिलेगा तथा लोगों का उत्थान होगा। उक्त मोटर मार्ग का स्वीकृत समरेखण जो कि वन भूमि के कुछ भाग के अन्तर्गत आता है, को यदि परिवर्तन किया जाता है तो मानको के अनुसार ग्रेड प्राप्त नही हो पायेगा। वनभूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध न होने के कारण आरक्षित भूमि पर ही मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित किया गया।

अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में अन्यन्त आवश्यक है।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०,
थत्यूड़ (टि०ग०)।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०,
थत्यूड़ (टि०ग०)।

E:\Office sataf\Bachan singh\Dhanolti Parking\Kyari to Masras.doc